ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank
ಭಾರತ ಸರ್ಕಾರದ ಒಂದು ಉದ್ಯಮ भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate
ವೃತ್ತ ಕಾರ್ಯಾಲಯ, ಮಣಿಪಾಲ अंचल कार्यालय, मणिपाल Circle Office,Manipal

# मंथन




## हिंदी दिवस विशेषांक

अंचल कार्यालय मणिपाल
त्रैमासिक ई पत्रिका
सितंबर 2021

अंक – 4
Issue – 4

CIRCLE OFFICE MANIPAL
QUARTERLY E MAGAZINE
SEPTEMBER 2021

" हिंदी प्रयोग में वृद्धि , ग्राहक सेवा में संवृद्धि "

## महा प्रबंधक एवं अंचल प्रमुख का संदेश



## General Manager & Circle Head's Message

**मेरे प्रिय केनराइट्स,**

आप सभी से अंचल की त्रैमासिक ई-पत्रिका "मंथन" के सितंबर 2021 अंक के माध्यम से संवाद करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है । हमारी ई-पत्रिका के सफल और नियमित प्रकाशन के लिए बधाई देता हूँ। मैं उन सभी लेखकों को भी बधाई देता हूं जिन्होंने पत्रिका के प्रकाशन में योगदान दिया है। आशा है कि भविष्य में भी आपका सहयोग मिलता रहेगा ।

मैं उन सभी को बधाई देता हूँ जिन्होंने हमारे बैंक के विकास में योगदान दिया है। जैसा कि हमारे एमडी और सीईओ समावेशी विकास (INCLUSIVE GROWTH) पर जोर दे रहे हैं। R&R (Retail & Recovery) हमारा मंत्र होना चाहिए । मैं सभी शाखाओं से अपील करता हूँ कि खुदरा अग्रिम और खुदरा सावधि जमा में वृद्धि , वसूली में वृद्धि लाने और स्लिपेजों को नियत्रिंत करने में सभी शाखाओं को योगदान देना हैं ।

इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, कैंडी एप , क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड पीओएस मशीन ,भीम क्यूआर , फास्टैग का सक्रियन जैसे डिजिटल एप प्रयोग करने के लिए ग्राहकों को शिक्षित कराना है।

सभी शाखाओं को चालू विविध अभियानों में भाग लेना है - खासकर केनरा युनीक, कासा कन्नक्ट, केनरा अमृत -75 ,

**My dear Canarites,**

It gives me immense pleasure to communicate with you through our September 2021 Quarter Magazine "MANTHAN". I Congratulate for successful & regular publication of our Circle's e magazine . I also congratulate to all those who have contributed to the publication of the magazine. Hope you will cooperate in future also.

I congratulate each one who had contributed for the growth of our Bank. As our MD & CEO is insisting on INCLUSIVE GROWTH. R&R (Retail & Recovery) should be our MANTRA. I appeal all my branches to contribute the growth in Retail Advances and Retail Term Deposit, to augment recovery and stopping fresh slippages.

Educate the customers to use the Digital apps viz internet banking, mobile banking, Candi app, Credit Card, Debit card, POS Machines, BHIM QR and to activate FASTag.

Branches to participate in all ongoing campaigns mainly Canara Unique, CASA Connect, Canara Amrit - 75, KRISHI SANKALP , DIGITAL SANKALP, Mudra

कृषि संकल्प , डिजिटल संकल्प , मुद्रा अभियान महोतस्व, रीटेल रिले रेस आदि ।

अंचल का कुल कारोबार रु 52,508/- करोड है जिसमें 6.90% की वर्षानुवर्ष कारोबार वृद्धि है । अंचल के कुल जमाराशि 7.20% , अग्रिम में 6.27% और कासा 8.76% की वर्षानुवर्ष वृद्धि हुई है । अंचल द्वारा सितंबर 2021 तिमाही का आय शुल्क और संस्थागत बचत खाताओं का लक्ष्य पार किया है । सितंबर 2021 तिमाही के अंचल कार्यालय के एनपीए के तहत 1816 करोड रुपये हैं ।

सभी केनराइट्स से स्लिपेजों को नियत्रिंत करने , D4 हानि आस्तियों के अधीन वसूली में वृद्धि लाने के लिए योगदान और आवश्यकता होने पर ओटीआर करने के लिए अपील करता हूँ। समावेशी विकास के लिए सभी कैनराइट्स को भाग लेना होगा ।

अपने कॉर्पोरेट लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, हमें अपनी रणनीतियों की योजना बनाना है और कार्य योजनाओं को तैयार करना है ।

**स्वस्थ रहें , सुरक्षित रहें , डिजिटल का प्रयोग करें**

**शुभकामनाओं सहित,**

**रामा नायक के**
महा प्रबंधक व अंचल प्रमुख

Campaign Mahotsav, RETAIL RELAY RACE $R^3$ etc.

Our Circle's business is Rs 52,508/- CR with 6.90% yoy business, 7.20% in aggregate deposits, 6.27% in advances and 8.76% in CASA. Circle has achieved targets under Fee Income and Institutional SB for Q2. We have closed the NPA figure to 1816 CR for September 2021 Quarter.

I appeal all the Canarites to contribute to control the slippages, to augment the recovery under D4 and loss assets and to go for OTR wherever required to participate for the inclusive growth of our bank .

We have to plan our strategies and prepare our action plans in order to achieve our corporate goals.


**STAY SAFE. STAY HEALTHY, LET'S GO DIGITAL**


**WITH BEST WISHES,**


**Rama Naik K**
General Manager & Circle Head



# अंचल कार्यालय की यथा सितंबर 2021 की कारोबार स्थिति
# Circle Business position as on September 2021








# क्षेत्रीय कार्यलयों की यथा सितंबर 2021 की कारोबार स्थिति
# RO Wise Business position as on September 2021

## दावणगेरे :: DAVANGERE





## गोवा ::GOA




# क्षेत्रीय कार्यलयों की यथा सितंबर 2021 की कारोबार स्थिति
# RO Wise Business position as on September 2021

## कारवार ::KARWAR





## शिवमोग्गा ::SHIVAMOGGA




## क्षेत्रीय कार्यलयों की यथा सितंबर 2021 की कारोबार स्थिति
## RO Wise Business position as on September 2021

### उडुपि I :: UDUPI I




### उडुपि –II :: UDUPI-II



# अंचल कार्यालय मणिपाल की संगठनात्मक संरचना
# Organisational Structure of Circle Office Manipal

क्षेत्रीय कार्यालय / Regional Office : **6** शाखा / Branch : 437

प्रशासनिक कार्यालय / Administrative Office : 24

एटीएम / ATM : **563**

| क्षेत्रीय कार्यालय REGIONAL OFFICE | एलसीबी LCB | ईएलबी ELB | वीएलबी VLB | एलबी Large | मध्यम Medium | लघु Small | ग्रामीण Rural | अर्ध शहरी Semi-Urban | शहरी Urban | कुल Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दावणगेरे DAVANGERE | | 1 | 20 | 14 | 33 | 6 | 38 | 16 | 20 | **74** |
| गोवा GOA | | 3 | 2 | 24 | 45 | 4 | 41 | 37 | 0 | **78** |
| कारवार KARWAR | | 0 | 7 | 20 | 52 | 3 | 50 | 32 | 0 | **82** |
| शिवमोग्गा SHIVAMOGGA | | 0 | 19 | 23 | 38 | 1 | 47 | 11 | 23 | **81** |
| उडुपि I UDUPI I | | 2 | 11 | 26 | 26 | 3 | 36 | 5 | 27 | **68** |
| उडुपि II UDUPI II | | 1 | 7 | 15 | 28 | 1 | 33 | 18 | 1 | **52** |
| अंचल कार्यालय CIRCLE OFFICE | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | | 2 | | **2** |
| **कुल / TOTAL** | **1** | **7** | **67** | **122** | **222** | **18** | **245** | **121** | **71** | **437** |

## अंचल कार्यालय मणीपाल के कार्यबल – 30.09.2021
## WORKFORCE OF CIRCLE OFFICE MANIPAL - 30.09.2021


| | |
|---|---|
| महा प्रबंधक / General Manager | 1 |
| उप महा प्रबंधक / Deputy General Manager | 5 |
| सहायक महा प्रबंधक / Assistant General Manager | 12 |
| मण्डल प्रबंधक / Divisional Manager | 73 |
| वरिष्ठ प्रबंधक / Senior Manager | 201 |
| प्रबंधक / Manager | 488 |
| अधिकारी / Officer | 1161 |
| एस डब्ल्यू ओ / SWO | 1004 |
| अधीनस्थ कर्मचारी / Sub Staff | 651 |
| **कुल / Total** | **3596** |

## अंचल कार्यालय मणिपाल की गतिविधियाँ

# हिन्दी माह का शुभारंभ

**हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में सितंबर 2021 माह को राजभाषा माह के रूप में मनाने हेतु अंचल कार्यालय मणिपाल में दिनांक 01.09.2021 को महा प्रबन्धक व अंचल प्रमुख श्री रामा नायक ने  दीप प्रज्जवलित कर राजभाषा माह का शुभारंभ किया गया । समारोह के दौरान कार्यपालक एवं उपस्थित कर्मचारियों द्वारा हिंदी भाषा पर प्रसिद्ध उद्धरणों पर कुछ पोस्टर का प्रदर्शन किया गया। अंचल कार्यालय मणिपाल में कार्यरत सभी कार्यपालकों को महा प्रबंधक श्री रामा नायक द्वारा कार्यालय टिप्पण सहायिका प्रदान किया और प्रयोग में लाने के लिए कहा। समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा प्रतीज्ञा ली । उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा अपने दैनंदिन काम काज में हिंदी में अधिकाधिक काम करने के लिए हिंदी में हस्ताक्षर कर संकल्प लिया |**










# हिन्दी दिवस समारोह



अंचल कार्यालय मणिपाल में दिनांक 14.09.2021 को हिन्दी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया । अंचल प्रमुख एवं महा प्रबन्धक श्री रामा नायक की अध्यक्षता में समारोह आयोजित की गई । उडुपि स्थित उपेंद्र पै मेमोरियल कॉलेज के हिन्दी विभाग के प्रवक्ता श्रीमती पुरोबी अविनाश समारोह की मुख्य अतिथि थी । अंचल कार्यालय के उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा रामचंद्र भक्ता , सहायक महा प्रबंधक श्री एच जयप्रसाद शेट्टी , श्री रविप्रसाद भट्ट और श्री शिवकुमार तथा अंचल कार्यालय के सभी मण्डल प्रबंधक एवं कर्मचारीगण समारोह में उपस्थित रहे ।






मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में बताया कि हिन्दी न केवल भारत की भाषा है बल्कि विश्व की भी भाषा हो गई है । जितना अंग्रेज़ी भाषा प्रयोग करते समय गर्व होता है उतना ही गर्व से हिन्दी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। अपने अध्यक्षीय भाषण में महा प्रबन्धक ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा हिन्दी में काम करना हमारा कर्तव्य है ।


मुख्य अतिथि एवं कार्यपालकगण द्वारा राजभाषा का उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु प्रधान कार्यालय द्वारा जारी राजभाषा अक्षय योजना व पुरस्कार योजना तथा हिन्दी माह के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान कर्मचारियों द्वारा मनोरंजन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया ।





# क्षेत्रीय कार्यालयों में हिन्दी माह के कार्यक्रम

**क्षेत्रीय कार्यालय , उडुपि ॥ -** दिनांक 02.09.2021 को सहायक महा प्रबन्धक व क्षेत्रीय प्रमुख श्री के काली ने दीप प्रज्जवलित कर राजभाषा माह का शुभारंभ किया गया । सभी कार्यपालकों को सहायक महा प्रबंधक द्वारा कार्यालय टिप्पण सहायिका प्रदान किया और प्रयोग में लाने के लिए कहा। समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा भारत सरकार , गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा प्रतीज्ञा ली । उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा अपने दैनंदिन काम काज में हिंदी में अधिकाधिक काम करने के लिए हिंदी में हस्ताक्षर कर संकल्प लिया ।






श्री के काली , सहायक महा प्रबंधक ने सभी स्टाफ सदस्यों से अपील किया कि अपने दैनंदिन काम काज में हिन्दी का प्रयोग करें और शतप्रतिशत हिन्दी का कार्यान्वयन होने के लिए सतत प्रयासरत रहें। उन्होंने हिन्दी माह के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताओं की घोषणा की गई। राजभाषा अक्ष्य योजना और राजभाषा पुरस्कार योजना के विजेताओं को शुभकामानाएं दिया और अन्य कर्मचारियों को भी पुरस्कार योजनाओं में भाग लेने केलिए प्रेरित किया । हिंदी माह के दौरान विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया ।






**क्षेत्रीय कार्यालय , गोवा** - दिनांक 08.09.2021 को सहायक महा प्रबन्धक श्रीमती शीला प्रभुनाथ ने दीप प्रज्वलित कर राजभाषा माह का शुभारंभ किया गया । समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा भारत सरकार , गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा प्रतीज्ञा ली । कर्मचारियों द्वारा हिंदी में काम करने व प्रेरित करने हेतु विविध राजभाषा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । उक्त प्रतियोगिता में क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मचारियों ने तथा शाखाओं ने भी भाग लिया ।





**क्षेत्रीय कार्यालय , उडुपि 1** - दिनांक 01.09.2021 को उप महा प्रबन्धक श्रीमती लीना पीटर पिंटो की अध्यक्षता में राजभाषा माह का शुभारंभ किया गया । समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा भारत सरकार , गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा प्रतीज्ञा ली । अपने दैनंदिन काम काज में हिंदी में अधिकाधिक काम करने के लिए हिंदी में हस्ताक्षर कर संकल्प भी लिया ।



# हमारे क्षेत्रीय कार्यालयों में हिंदी दिवस समारोह

**उडुपि I** - दिनांक 14.09.2021 को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया । उप महा प्रबन्धक श्रीमती लीना पीटर पिंटो की अध्यक्षता में समारोह आयोजित की गई । श्रीमती भैरवी आर पाण्ड्या , पूर्णप्रज्ञा डिग्री कॉलेज के हिंदी प्रवक्ता समारोह की मुख्य अतिथि थी । सहायक महा प्रबंधक श्री जगदीश शेणॉय मण्डल प्रबंधक श्री रमेश के पै स्थानीय शाखाओं के कार्यपालक एवं क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मचारीगण समारोह में उपस्थित रहे । समारोह के दौरान केनरा बैंक अक्षय योजना, केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना तथा हिन्दी माह के सिलसिले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।







**दावणगेरे** - दिनांक 14.09.2021 को सहायक महा प्रबंधक श्री एच रघुराजा की अध्यक्षता में हिन्दी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया । क्षेत्रीय कार्यालय के मण्डल प्रबंधक श्री जी जी डोडामणी , सभी अनुभागों के अनुभाग प्रमुख, अधिकारी एवं कर्मचारीगण समारोह में उपस्थित रहे । समारोह के दौरान केनरा बैंक अक्षय योजना, केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना तथा हिन्दी दिवस के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कार्यपालकों द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

**उडुपि II** - दिनांक 20.09.2021 को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया । मण्डल प्रबन्धक श्री एच श्रीहरि भट्ट की अध्यक्षता में समारोह आयोजित की गई । खुदरा आस्ति केंद्र के मण्डल प्रबंधक श्रीमती वनजा प्रसाद एच एवं क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मचारीगण समारोह में उपस्थित रहे । समारोह के दौरान केनरा बैंक अक्षय योजना, केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना तथा हिन्दी माह के सिलसिले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया ।






**शिवमोग्गा** - हिन्दी दिवस समारोह का भव्य आयोजन दिनांक 23.09.2021 को किया गया। उप महा प्रबन्धक एवं क्षेत्रीय प्रमुख श्री संदीप राव पी की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया। सहायक महा प्रबंधक श्रीमती पूर्णिमा एन राव , मण्डल प्रबंधक श्री के के बलराज, एसएमई सुलभ के मण्डल प्रबंधक श्री प्रदीप हेब्बाल, क्षेत्रीय कार्यालय , एस एम ई सुलभ एवं अग्रणी बैंक कार्यालय के सभी कर्मचारीगण समारोह में उपस्थित रहे । इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया ।

**कारवार** - सहायक महा प्रबन्धक एवं क्षेत्रीय प्रमुख श्री रामा नायक की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यालय कारवार में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय के मण्डल प्रबंधक श्रीमती लक्ष्मी रामनाथ और श्री विनय कुमार जी , कारवार के एल डी एम और मुख्य प्रबंधक श्री रुद्रेश डी सी तथा क्षेत्रीय कार्यालय के अनुभागों के अनुभाग प्रमुख और सभी कर्मचारीगण समारोह में उपस्थित रहे । समारोह के दौरान केनरा बैंक अक्षय योजना, केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना तथा हिन्दी माह के सिलसिले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया ।








**गोवा** - सहायक महा प्रबन्धक श्रीमती शीला प्रभुनाथ की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यालय में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मण्ल प्रबंधक श्री पी विनोद कुमार तथा क्षेत्रीय कार्यालय के अनुभागों के अनुभाग प्रमुख और सभी कर्मचारीगण समारोह में उपस्थित रहे । समारोह के दौरान केनरा बैंक अक्षय योजना, केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना तथा हिन्दी माह के सिलसिले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया ।

# मणिपाल में कार्यपालक निदेशक श्री बृज मोहन शर्मा का दौरा

दिनांक 18.08.2021 को अंचल कार्यालय मणिपाल में हमारे कार्यापालक निदेशक श्री बृज मोहन शर्मा की गरीमामयी उपस्थिति में अंचल के अधीन आनेवाले सभी क्षेत्रीय कार्यालयों का  करोबार समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। समीक्षा बैठक में अंचल प्रमुख व महा प्रबंधक श्री रामा नायक , उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा रामचंद्र भक्ता , अंचल के अन्य कार्यपालक एवं सभी क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख उपस्थित थे ।




कार्यापालक निदेशक श्री बृज मोहन शर्मा की उपस्थिति में  टाउन हॉल बैठक आयोजित किया गया । उक्त बैठक में अंचल कार्यालय मणिपाल , सीपीसीएफटी ,सीपीएच , नकद प्रबंधन व लेखन सामग्री विभाग , एमएसएमई वेर्टिकल , क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि I , उडुपि II एवं स्थानीय शाखाओं के कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सभी कर्मचारियों को मुख्य रूप से कॉर्पोरेट के कारोबारी लक्ष्यों के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे प्रयास हमारे बैंक को देश के सबसे बडा कारोबारी बैंक बनाने के लिए होना चाहिए । ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार करने और उनसे आत्मीयता बढाने के लिए कहा । ग्राहकों को हमारे बैंक के उत्पादों , डिजिटल सेवाओं को सदैव लोकप्रिय बनाए रखने पर ज़ोर देना है । कार्यापालक निदेशक श्री बृज मोहन शर्मा की अध्यक्षता में एचएनआई ग्राहक बैठक भी आयोजित किया गया ।






# कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR)

## अंचल कार्यालय

**दिनांक 18.08.2021 को मणिपाल में हमारे कार्यापालक निदेशक श्री बृज मोहन शर्मा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, निट्टे को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन एब्बुलेंस सौंपा गया ।**




**कार्यापालक निदेशक श्री बृज मोहन शर्मा द्वारा केनरा विद्याज्योति छात्रवृत्ति का वितरण किया गया । आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाने के सुअवसर पर ग्रामीण शाखाओं से चुने गए 75 छात्राओं को केनरा विद्याज्योति छात्रवृत्ति प्रदान की गई।**



## दावणगेरे

दिनांक 16.07.2021 को महा प्रबंधक व अंचल प्रमुख श्री रामा नायक द्वारा जिला पंचायत चित्रदुर्गा में सरकारी अस्पताल को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन 5 ईसीजी मशीन सौंपा गया। क्षेत्रीय प्रमुख व सहायक महा प्रबंधक श्री एच रघुराजा और चित्रदुर्गा एलडीएम श्री चंद्रय्या बी हिरेमठ उपस्थित थे।







दिनांक 07.09.2021 को हरिहरा मुख्य शाखा द्वारा हरिहरा तालुक कार्यालय को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन 2 कम्प्यूटर प्रदान किए गए। हरिहरा मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक श्रीमती भारती एस और हरिहरा ओल्ड पी बी रोड के प्रबंधक श्रीमती शाम भानु एन नदाफ ने भेंट प्रदान की।

दिनांक 15.08.2021 को मण्डल प्रबंधक श्रीमती जी आर नागरत्ना द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत छात्राओं को केनरा विद्याजोति छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। उक्त संदर्भ में श्री शुश्रुत डी शास्त्री, एलडीएम तथा क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



## कारवार

दिनांक 15.08.2021 को श्रीमती लक्ष्मी रामनाथ , मण्डल प्रबंधक ने कारवार ॥ शाखा के सुरक्षा गार्ड के परिवार को सीएसआर फंड वितरित किया , जिन्होंने कोविड 19 के कारण अपने पति खो दिए थे।




## शिवमोग्गा

दिनांक 17.08.2021 को क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महा प्रबंधक श्री संदीप राव पी के नेतृत्व में क्षेत्रीय कार्यालय शिवमोग्गा में मेधावी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्राओं को केनरा विद्या ज्योति छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में माननीय सांसद श्री बी वाई राघवेंद्र, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढाई ।

केनरा विद्याज्योति छात्रवृत्ति ग्रामीण शाखाओं से चुने गए 75 छात्राओं को प्रदान की गई । बैठक के दौरान 35 छात्रों को शिक्षा ऋण स्वीकृतियाँ सौंपी गईं। माननीय सांसद ने जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए हमारे बैंक और क्षेत्रीय कार्यालय शिवमोग्गा के प्रयासों की सराहना की। क्षेत्रीय प्रमुख व उप महाप्रबंधक श्री संदीप राव पी ने माननीय सांसद से हमारे बैंक से सरकारी कारोबार / सरकारी जमा के समर्थन करने के लिए अनुरोध किया है। एलडीएम, श्री. येतीश ने छात्रों को संबोधित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपने  पाठ्यर्या में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रभावित किया।



# मेगा खुदरा ऋण एक्स्पो

अंचल प्रमुख व महा प्रबंधक श्री राम नायक और उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा रामचंद्र भक्ता के नेतृत्व व मार्गदर्शन में एवं क्षेत्रीय कार्यालय उडुपी I के सहयोग से अंचल कार्यालय मणिपाल के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में दिनांक 20, 21 और 22 सितंबर 2021 को मेगा रिटेल एक्सपो आयोजित किया है।

### कारवार

दिनांक 20.09.2021 को क्षेत्रीय कार्यालय कारवार के प्रमुख व सहायक महा प्रबंधक श्री रामा नायक ने मेगा खुदरा ऋण एक्स्पो का उद्घाटन किया गया। कुम्टा खुदरा आस्ति केंद्र के मण्डल प्रबंधक श्री सदाशिव प्रभु , स्थानीय शाखा प्रबंधक , ग्राहक व डीलर्स कार्यक्रम में उपस्थित थे ।






### दावणगेरे

दिनांक 21.09.2021 को सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख श्री एच रघु राजा ने शाखा प्रमुख, ग्राहक, डीलरऔर अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में एक्स्पो का उद्घाटन किया । दावणगेरे और चित्रदुर्ग दोनों आरएएच ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया ।

### उडुपि II

दिनांक 22.09.2021 को कुंदापुरा में खुदरा आस्ति केंद्र कुंदापुरा द्वारा मेगा खुदरा ऋण एक्स्पो का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि II के प्रमुख व सहायक महा प्रबंधक श्री के काली, खुदरा आस्ति केंद्र कुंदापुरा और के एम मार्ग के मण्डल प्रबंधक श्री रत्नाकर गणिगा और श्रीमती वनजा प्रसाद , मण्डल प्रबंधक श्री पी शिवानंदा , कुंदापुरा के आस पास स्थित शाखाओं के शाखा प्रबंधक और लगभग 250 ग्राहकों ने एक्स्पो में भाग लिया ।



### गोवा – फतोर्डा शाखा

दिनांक 02.09.2021 को गोवा क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख व सहायक महा प्रबंधक श्री आर गणेश के नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में फतोर्डा शाखा में रिटेल कैंप का आयोजन किया है। कैम्प का आयोजन श्री सुनिल एस पावस्कर शाखा प्रबंधक , शाखा स्टाफ एवं विपणन प्रबंधक श्री प्रभात द्वारा  व्यवस्था की गई ।






### शिवमोग्गा

अंचल कार्यालय मणिपाल के उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा आर भक्ता के मार्गदर्शन में और क्षेत्रीय प्रमुख व उप महा प्रबंधक श्री संदीप राव पी उपस्थिति में दिनांक 21.09.2021 को मेगा रीटेल एक्स्पो का आयोजन किया गया ।श्रीमती पूर्णिमा एन राव , सहायक महा प्रबंध्क भी उपस्थित थी ।

### उडुपि ।

दिनांक 22.09.2021 को उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा आर भक्ता के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि । द्वारा मेगा खुदरा ऋण एक्स्पो का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि । के प्रमुख व उप महा प्रबंधक श्रीमती लीना पीटर पिंटो सहायक महा प्रबंधक श्री जगदीश शेणॉय ,  खुदरा आस्ति केंद्र के मण्डल प्रबंधक श्रीमती भानुमती सावूर , शाखा प्रमुख , ग्राहक आदि उपस्थित थे ।



# समीक्षा बैठक

## उडुपि II

दिनांक 27 जुलाई 2021 को अंचल कार्यालय मणिपाल के पर्यवेक्षी कार्यपालक और उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा आर भक्ता के मार्गदर्शन में उडुपी II के शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक क्षेत्रीय कार्यालय उडुपी II में आयोजित की गई । क्षेत्रीय प्रमुख और सहायक महा प्रबंधक श्री के काली ने जून 2021 तिमाही के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के कारोबार निष्पादन प्रस्तुत किया और शाखा प्रमुखों से अगली तिमाही और वर्ष के लिए योजना बनाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य मण्डल प्रबंधक और सभी अनुभाग प्रमुख उपस्थित थे। विभिन्न श्रेणियों के तहत उच्च प्रदर्शन करने वाले शाखाओं को पुरस्कृत किया गया ।







## गोवा

दिनांक 29.07.2021 को श्री रामा नायक, अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कार्यालय गोवा में जून तिमाही की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । क्षेत्रीय प्रमुख और उप महा प्रबंधक श्री अमितवा साहू ने तिमाही के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के कारोबार निष्पादन प्रस्तुत किया । विभिन्न श्रेणियों के तहत उच्च प्रदर्शन करने वाले शाखाओं को पुरस्कृत किया गया ।

## शिवमोग्गा

दिनांक 07.08.2021 को अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक श्री रामा नायक और क्षेत्रीय प्रमुख व उप महा प्रबंधक श्री संदीप राव पी ने शाखाओं के प्रदर्शन की समीक्षा की और कॉर्पोरेट अपेक्षाओं का अवगत कराया । सहायक महा प्रबंधक श्रीमती पूर्णिमा एन राव ने शाखाओं को आंतरिक नियंत्रण और अनुपालन मामलों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। क्षेत्रीय कार्यालय , एसएमई सुलभ और आरएएच के मण्डल प्रबंधकों ने संबंधित अनुभागों से अपेक्षाओं तथा आगामी तिमाही के लक्ष्य पार करने संबंधित संबोधित किया । एलडीडीएम ने शाखा प्रमुखों को जिले के सरकारी अधिकारियों के साथ किसी भी व्यथाओं के लिए अपने कार्यालय से संपर्क करने की सलाह दी। समीक्षा बैठक के दौरान, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रमुखों को सम्मानित करने और पुरस्कृत करने के अलावा, सर्वश्रेष्ठ सेवा देने वाले अधिकारी (एसएमसी शाखा के श्री निखिल पटवर्धन और उनकी पत्नी , होसुडी शाखा के एचकेपी श्रीमती ममता के अनुकरणीय सेवा और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया।



### उडुपि ।




दिनांक 09.08.2021 को श्री रामा नायक, अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि । का जून तिमाही की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । अंचल कार्यालय के उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा आर भक्ता , क्षेत्रीय प्रमुख और उप महा प्रबंधक श्रीमती लीना पीटर पिंटो , शायक महा प्रबंधक श्री जगदीश शेणॉय और सभी अनुभाग प्रमुख उपस्थित थे। विभिन्न श्रेणियों के तहत उच्च प्रदर्शन करने वाले शाखाओं को पुरस्कृत किया गया। कूडवूर शाखा को समग्र श्रेणी के अधीन पुरस्कृत किया गया ।

### कारवार



दिनांक 12.08.2021 को अंचल कार्यालय मणिपाल के पर्यवेक्षी कार्यपालक और उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा आर भक्ता के मार्गदर्शन में कारवार क्षेत्रीय कार्यालय के शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । क्षेत्रीय प्रमुख और सहायक महा प्रबंधक श्री रामा नायक ने तिमाही के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के कारोबार निष्पादन प्रस्तुत किया और शाखा प्रमुखों से अगली तिमाही और वर्ष के लिए योजना बनाने का आह्वान किया। विभिन्न श्रेणियों के तहत उच्च प्रदर्शन करने वाले शाखाओं को पुरस्कृत किया गया।

### दावणगेरे

दिनांक 01.09.2021 को अंचल कार्यालय मणिपाल के पर्यवेक्षी कार्यपालक और उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा आर भक्ता के मार्गदर्शन में दावणगेरे क्षेत्रीय कार्यालय के शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक क्षेत्रीय कार्यालय दावणगेरे में आयोजित की गई । क्षेत्रीय प्रमुख और सहायक महा प्रबंधक श्री एच रघुराजा ने तिमाही के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के कारोबार निष्पादन प्रस्तुत किया और शाखा प्रमुखों से अगली तिमाही और वर्ष के लिए योजना बनाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य मण्डल प्रबंधक और सभी अनुभाग प्रमुख उपस्थित थे।



## हिंदी में परिचर्चा कार्यक्रम

राजभाषा कार्यान्वयन को गति प्रदान करने तथा दैनंदिन बैंकिंग क्रिया कलापों में जागरूकता लाने हेतु हर तिमाही में बैंकिंग विषयों पर " राजभाषा हिंदी में परिचर्चा कार्यक्रम" प्रधान कार्यालय द्वारा जारी है । कर्मचारियों में विभिन्न विषयों पर हिंदी भाषा में संवाद, वाद – विवाद , विश्लेषण , अभिव्यक्ति की कौशलता को जागृत करना इसका मुख्य उद्देश्य है ।

सितंबर 2021 तिमाही हेतु परिचर्चा का विषय था -

" सरकार द्वारा प्रायोजित बचत व बीमा योजनाएं – महत्ता व कार्यान्वयन । "
"Government sponsored Savings and Insurance Schemes – Significance and Implementation".

## अंचल कार्यालय मणिपाल

दिनांक 13.08.2021 को श्री रामा नायक , महा प्रबंधक व अंचल प्रमुख की अध्यक्षता परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उप महा प्रबन्धक श्री प्रदीपा आर भक्ता , अंचल कार्यालय के अन्य कार्यपालक , अनुभाग प्रमुख और सभी अनुभागों के कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। सरकार द्वारा प्रायोजित बचत व बीमा योजनाएं जैसे अटल पेंशन योजना , प्रधान मंत्री जन धन योजना , प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना , प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना , सुकन्या समृद्धि योजना , पीपीएफ आदि अनेक योजनाओं के बारे में सविस्तार चर्चा की गई । अपने संबोधन में कार्यपालकों ने कहा कि जितने भी सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएं हैं उन्हें हमारे ग्राहक तक पहूचाना हमारा कर्तव्य है और इसलिए हर कर्मचारी को इन योजनाओं के बारे में अच्छी जानकारी होनी चाहिए ताकि ग्राहकों से इन योजनाओं का लाभ उठा सकें ।



**उडुपि I** दिनांक 03.08.2021 को श्री जगदीश शेणॉय सहायक महा प्रबंधक की अध्यक्षता में हिंदी में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मण्डल प्रबन्धक श्री रमेश पै , श्री सतीस बी और क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने परिचर्चा कार्यक्रम में भाग लिया।







**उडुपि II** - श्री के कालि सहयक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख की अध्यक्षता में दिनांक 02.09.2021 को हिंदी में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । क्षेत्रीय कार्यालय के सभी अनुभागों के प्रमुख और कर्मचारियों ने परिचर्चा कार्यक्रम में भाग लिया।

**गोवा** - दिनांक 08.09.2021 को श्रीमती शीला प्रभुनाथ सहायक महा प्रबंधक की अध्यक्षता में हिंदी में परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित की गई । मण्डल प्रबंधक श्री विनोद पी और सभी कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए ।




**शिवमोग्गा** - श्री संदीप राव पी , उप महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख की अध्यक्षता में दिनांक 23 09.2021.को हिंदी में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीमती पूर्णिमा एन राव , सहायक महा प्रबंधक , क्षेत्रीय कार्यालय के सभी अनुभागों के प्रमुख और कर्मचारियों ने परिचर्चा कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## रामगिरी शाखा में किसान बैठक का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय दावणगेरे के सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख श्री एच रघु राज दावणगेरे और मण्डल प्रबंधक श्री जी जी डोड्डमनी के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 26.07.2021 को रामगिरी (0668) द्वारा किसान बैठक का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम में श्रीमती नागरत्ना, मण्डल प्रबंधक , कृषि वित्त व प्राथमिकता क्षेत्र अनुभाग के प्रमुख श्री शिवराज पाटिल और रामगिरि शाखा प्रबंधक श्री चंदन पाटिल उपस्थित थे। ग्राहकों को ऋण स्वीकृतियाँ वितरित कीं और किसानों को हमारे बैंक से मिलने वाली वित्तीय सहायता के बारे में विस्तृत जानकारे प्रदान की ।



## "कृषि अवसंरचना विकास निधि" योजना




दिनांक 31.08.2021 को शिवमोग्गा में अग्रणी बैंक कार्यालय ने "कृषि अवसंरचना विकास निधि" (Agricultural Infrastructure Development Fund) योजना पर टाउन हॉल बैठक आयोजित की है।

श्री बी वाई राघवेंद्र, माननीय संसद सदस्य, श्री के बी शिवकुमार, डीसी, शिवमोग्गा, श्रीमती सुनीता अन्नप्पा, मेयर, नगर निगम, शिवमोग्गा, केनरा बैंक से क्षेत्रीय प्रमुख व उप महा प्रबंधक श्री संदीप राव और अग्रणी बैंक के मण्डल प्रबंधक श्री यतिश, डीडीएम नाबार्ड और संबंधित विभागों के अन्य संसाधन व्यक्तियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। शिवमोग्गा जिले के एफपीओ व एसएचजी के प्रतिनिधियों ने किसानों के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित बचत बीमा योजनाओं का तथा कार्यशाला आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत ऋण वितरित किए गए।

माननीय सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हमारे एलडीडीएम और अगरणी बैंक कार्यालय द्वारा की गई पहल की सराहना की।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह

दिनांक 15.08.2021 को अंचल कार्यालय , मणिपाल में 75 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। अंचल के उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा आर भक्ता , सीपीसीएफटी के सहायक महा प्रबंधक श्रीमती मिनि के और सीजीटीएमएसई वर्टिकल के मण्डल प्रबंधक श्री राजेश कारू की उपस्थिति में श्री रामा नायक , अंचल प्रमुख व महा प्रबन्धक ने झंडा फहराया और स्वतंत्रता दिवस का संदेश दिया । अंचल कार्यालय के सभी कार्यपालकों ने उपस्थितों को संबोधित किया । अंचल कार्यालय , क्षेत्रीय कार्यालय एवं स्थानीय शाखाओं के कर्मचारियों ने समारोह में भाग लिया ।






श्री रामा नायक, महाप्रबंधक ने वडेराहोबली शाखा की श्रीमती अनीता डिसूजा को सीएसआर फंड वितरित किया , जिन्होंने कोविड 19 के कारण अपने पति खो दिए थे। इसी अवसर पर गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन किट भी वितरित किए गए। समारोह के दौरान अंचल कार्यालय के सुरक्षा गार्डों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंचल कार्यालय, सीपीसीएफटी, सीपीएच, सीजीटीएमएसई वर्टिकल , सीएमएस और पीएस विंग, रुडसेटी, क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाओं के कार्यापालक और कर्मचारियों ने भाग लिया।

**गोवा :**

क्षेत्रीय कार्यालय गोवा में दिनांक 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया । श्रीमती शीला प्रभुनाथ , सहायक महा प्रबंधक , क्षेत्रीय कार्यालय तथा स्थानीय शाखाओं के कर्मचारियों ने भाग लिया।



# गोल्ड लॉन प्लाझा का उद्‌घाटन



## शिवमोग्गा क्षेत्रीय कार्यालय - रिप्पणपेट शाखा

**दिनांक 06.08.2021 को श्री रामा नायक, महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय, मणिपाल ने रिप्पणपेट शाखा में "गोल्ड लोन प्लाजा का उद्‌घाटन किया है। यह क्षेत्रीय कार्यालय शिवमोग्गा जिले में पहला गोल्ड लोन प्लाजा है। क्षेत्रीय कार्यालय, शिवमोग्गा के उप महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख श्री संदीप राव पी , सहायक महा प्रबंधक श्रीमती पूर्णिमा एन राव, श्रीमती मंजुला, अध्यक्ष, ग्राम पंचायत, रिप्पणपेट, श्री मंजप्पा इस अवसर पर उपस्थित थीं।**



## दावणगेरे क्षेत्रीय कार्यालय - चल्लाकरे तयागराजनगर शाखा

**दिनांक 02.09.2021 को श्री प्रदीपा रामचंद्र भक्ता , उप महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय, मणिपाल द्वारा चल्लाकरे तयागराजनगर शाखा में "गोल्ड लोन प्लाजा" तथा स्वर्ण ऋण प्रचार प्रसार के लिए "गोल्ड लोन रोड शो" का उद्‌घाटन किया है। श्री एच रघुराजा , सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख, श्रीमती नागरत्ना , मण्डल प्रबंधक , श्री मदन कुमार एम श्री सी बी हिरेमठ , चित्रदुर्गा एलडीएम , श्री नितेश चल्लाकरे तयागराजनगर शाखा प्रबंधक व समस्त शाखा कर्मचारी समारोह में उपस्थित थे ।**





# एमएसएमई सुलभ का उद्घाटन

## दावणगेरे क्षेत्रीय कार्यालय

**दिनांक 16.07.2021 को अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक श्री राम नायक द्वारा दावणगेरे में एमएसएमई सुलभ का उद्घाटन किया गया । श्री एच रघुराजा , सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख, श्रीमती नागरत्ना , मण्डल प्रबंधक, श्री शुश्रुत डी शास्त्री, एलडीएम आदि उपस्थित थे ।**




## उडुपि । क्षेत्रीय कार्यालय

**दिनांक 28.07.2021 को अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक श्री राम नायक द्वारा उडुपि । में एमएसएमई सुलभ का उद्घाटन किया गया । श्रीमती लीना पीटर पिंटो , उप महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख, श्री जगदीश शेणॉय , सहायक महा प्रबंधक , श्री राकेश पी आर, एमएसएमई सुलभ के मण्डल प्रबंधक आदि उपस्थित थे ।**



# एसएचजी लिंकेज कार्यक्रम

### कारवार क्षेत्रीय कार्यालय – अवेरसा शाखा

**दिनांक 09.09.2021 को क्षेत्रीय प्रमुख व सहायक महाप्रबंधक श्री रामा नायक की अध्यक्षता में अवेरसा ग्रामपंचायत सभाभवन में एसएचजी लिंकेज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के आईएस अधिकारी श्री अभिजीत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्रीमती सुमा गांवकर अवेर्सा शाखा प्रबंधक ने हमारे बैंक के विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया । 9 एसएचजी से लगभग 100 एसएचजी सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे । कुल 48 लाख रुपए का मंज़ूरी पत्र वितरित किए गए । अवेरसा जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती सारा क्यूटिन्हो भी उपस्थित थी ।**



# स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम

### उडुपि । क्षेत्रीय कार्यालय

**दिनांक 13.08.2021 से 18.08.2021 तक भारतीय विकास ट्रस्ट ने गरीब महिलाओं के लिए स्वरोज़गार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि। द्वारा प्रायोजित किया गया था । कार्यक्रम का उद्‌घाटन क्षेत्रीय प्रमुख व उप महा प्रबंधक श्रीमती लीना पीटर पिंटो द्वारा किया गया। उन्होंने सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत किया और हमारे बैंक के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा।**



# प्रत्याशित उद्यमियों का कार्यक्रम

## शिवमोग्गा क्षेत्रीय कार्यालय - आरसेटी होळ्लूर

**दिनांक 17.08.2021 को होळ्लूर आरसेटी में प्रत्याशित उद्यमियों के लिए ईडीपी और ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आरसेटी में भाग लेनेवाले प्रतिभागियों को क्षेत्रीय कार्यालय शिवमोग्गा के सहायक महा प्रबंधक श्रीमती पूर्णिमा एन राव ने संबोधित किया। प्रतिभागियों को उद्यमी बनने और रोजगार सृजन गतिविधियों को करने के लिए प्रभावित किया। इसके अलावा, हमारे बैंक के एमएसएमई योजनाओं का उपयोग करने की सलाह दी। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए ।**



## महिला उद्यमिता कार्यक्रम – हरेबोनहळ्ळी

**श्रीमती पूर्णिमा एन राव , सहायक महा प्रबंधक की अध्यक्षता में हरेबोनहळ्ळी में महिला उद्यमिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उहोंने महिला सभा को संबोधित किया और महिलाओं को एक उद्यमी होने के महत्व के बारे में बताया । उन्होंने स्टैंडअप इंडिया, केनरा एमएसएमई विजेता II और हमारे बैंक के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर ज़ोर दिया। हमारे बैंक से ऋण प्राप्त करने पर ब्याज दर पर रियायत की जानकारी भी दी गई । उनके द्वारा सफल महिला उद्यमियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया ।**



# CanDLE
**Canara Digital Learning Experience**

Engage | Educate | Empower

| कार्यालय REGION | कुल अधिकारी TOTAL OFFICERS | पाठ्यक्रम :: COURSES | | | | As on 30.09.2021 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 12 | % | 06 to 11 | % | below 6 | % |
| मणिपाल अं का MANIPAL CO | 182 | 25 | 13.73 | 121 | 66.48 | 36 | 19.78 |
| गोवा GOA | 257 | 59 | 22.96 | 128 | 49.80 | 70 | 27.23 |
| दावणगेरे DAVANAGERE | 293 | 24 | 8.19 | 136 | 46.41 | 133 | 45.39 |
| उडुपि II UDUPI II | 187 | 15 | 8.02 | 107 | 57.21 | 65 | 34.76 |
| कारवार KARWAR | 241 | 33 | 13.69 | 103 | 42.73 | 105 | 43.57 |
| शिवमोग्गा SHIVAMOGGA | 300 | 17 | 5.67 | 137 | 45.67 | 146 | 48.67 |
| उडुपि I UDUPI I | 270 | 21 | 7.78 | 108 | 40 | 141 | 52.22 |
| **कुल TOTAL** | **1730** | **194** | **11.21** | **840** | **48.55** | **696** | **40.23** |

## 100% दोष सुधार (Spot Rectification) शाखायें

| क्षे.का / RO | शाखा का नाम Branch Name |
|---|---|
| दावणगेरे Davangere | Davangere DC Office Complex (8406) |
| | Hiriyur (11007) |
| | Davangere Currrency Chest (8024) |
| शिवमोग्गा Shivamogga | Bharangi (4767) |
| | Sagar Currency Chest (8059) |
| कारवार Karwar | Siddapur (3338) |
| | Kumta Currency Chest ( 8083) |
| उडुपि II / Udupi II | Kundapur New Market Yard (10209) |
| गोवा / Goa | Quepem (4689) |



## केनरा बैंक प्रबंधन संस्थान ( सीआयबीएम )  मणिपाल  द्वारा आयोजित राजाभाषा हिंदी पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हिंदी माह के उपलक्ष्य में अध्ययन व विकास शीर्ष केनरा बैंक प्रबंधन संस्थान ( सीआयबीएम ) मणिपाल  द्वारा सितंबर माह में अखिल भारतीय स्तर पर केंडेल के माध्यम से राजाभाषा हिंदी पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । उक्त प्रतियोगिता में अंचल कार्यालय मणिपाल के विजेता –

**श्री  बालाजी धरणीधरन , (109160) प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय , उडुपि II**



## राजभाषा हिंदी की सांविधिक तिमाही प्रगति विवरणी (STR – 18)

## यथा सितंबर 2021

(HO Cir 648/2021 dt 30.09.2021)

### शत- प्रतिशत (100%) ऑनलाइन (SAS Package) प्रस्तुतिकरण

### करने वाले क्षेत्रीय कार्यालय


**निर्धारित समय पर 10.10.2021 तक -**

**उडुपि – II और  शिवमोग्गा**

**यथा 25.10.2021 तक -**

**उडुपि – I और दावणगेरे**





# चालू अभियान विवरण
# ONGOING CAMPAIGNS DETAILS

| क्रमांक SL NO | अभियान विवरण DETAILS OF CAMPAIGN | अभियान अवधि CAMPAIGN PERIOD |
|---|---|---|
| | **कृषि / AGRICULTURE** | |
| 1 | RUPAY CARD | 01.04.2021 TO 31.03.2022 |
| 2 | SPECIAL GOLD LOAN CAMPAIGN FY 2021-2022 | 01.10.2021 TO 31.03.2022 |
| 3 | KRISHI SANKALP | 01.10.2021 TO 31.12.2021 |
| | **खुदरा / RETAIL** | |
| 4 | RETAIL RELAY RACE-R3 PHASE II | 26.09.2021 to 25.12.2021 |
| 5 | ED CLUB - GROUP CREDIT SECURE PLAN CAMPAIGN FOR RAHs | 01.10.2021 TO 31.12.2021 |
| | **एमआयपीडी / MIPD** | |
| 6 | CASA CONNECT CAMPAIGN-PHASE II | 11.10.2021 TO 31.03.2022 |
| 7 | CANARA UNIQUE (RTD-1111 DAYS) | 01.07.2021 TO 31.03.2022 |
| 8 | CONTEST FOR SOURCING NEW PENSION ACCOUNTS | 01.07.2021 TO 31.03.2022 |
| | **विपणन / MARKETING** | |
| 9 | BUSINESS DRIVE - BAGIC (BAJAJ GENERAL INSURANCE) | 01.04.2021 TO 31.03.2022 |
| 10 | LIFE INSURANCE BUSINESS DRIVES FOR Q3 OF FY 2021-22 BY M/S CANARA HSBC OBC LIFE INSURANCE CO LTD. | 01.10.2021 TO 31.12.2021 |
| 11 | HELP OUR CUSTOMER DRIVE - HDFC ERGO GEN INSURANCE | 01st - 10th OF EVERY MONTH |
| 12 | MUTUAL FUND BUSINESS DRIVE | 01.07.2021 TO 31.03.2022 |
| 13 | JANSURAKSHA SATURATION | 02.10.2021 TO 30.09.2022 |
| | **वसूली / RECOVERY** | |
| 14 | EXCLUSIVE MEGA CAN ADALATH | EVERY THURSDAY |
| | **तकनीकी / TM** | |
| 15 | DIGITAL SANKALP | 01.08.2021 TO 31.12.2021 |
| | **एसएसएमई / MSME** | |
| 16 | MUDRA CAMPAIGN-MUDRA MAHOTSAV | 11.10.2021 TO 31.12.2021 |

कविता



आशीष रंजन (91420)
वरिष्ठ प्रबंधक
परियोजना मूल्यांकन कक्ष
अं का , मणिपाल

## चाहत थी इस मुलाकात की

ना देख पाया जी भरकर,
ना ही कोई बात की ;
बहुत दिनों से चाहत थी,
इस मुलाकात की !!
बहुत दिनों से चाहत थी,
इस मुलाकात की !!

ना खुशीयो का ठिकाना था,
ना अपना ये जमाना था;
क्या बताऊं कहानी आपको,
मेरे उस हालत की।
बहुत दिनों से चाहत थी,
इस मुलाकात की !!

सोचा था कि होगी पुरी,
उनसे वो बातें अधुरी;
बस कशमकश में रह गई,
वो सपने मेरे ख्यालात की।
बहुत दिनों से चाहत थी,
इस मुलाकात की !!

रुक गया था आस्माँ,
रुक गई थी ये जहाँ;
बस रुक ना पाई,
वो अनमोल एहसास उसके साथ की।
बहुत दिनों से चाहत थी,
इस मुलाकात की !!

दूर रहकर ही वो मेरे पास था
पास आकर भी दूरी का अहसास था
शायद फिर ना मिल पाए मुझे
वो मंजर उसके साथ की।
बहुत दिनों से चाहत थी,
इस मुलाकात की !!

भीड़ में भी थी तन्हाई,
चुरा ली मैंने उसकी परछाई;
रहेगा मुझे इंतजार हमेशा,
वो मौसम खुशियों के बरसात की।
बहुत दिनों से चाहत थी,
इस मुलाकात की !!

ना जाने किस्मत किसको कहाँ ले जाता है,
क्या अगले जन्म में भी उससे मिलवाता है;
अब देखना है कितनी है सच्चाई,
भगवान के औकात की।
बहुत दिनों से चाहत थी,
इस मुलाकात की !!

ना देख पाया जी भरकर,
ना ही कोई बात की ;
बहुत दिनों से चाहत थी,
इस मुलाकात की !!
बहुत दिनों से चाहत थी,
इस मुलाकात की !!

## शुक्र है तुम आये तो सही



नयनों की ये अटखेलियां, जुल्फों की ये उलझने,
लफ्जों से भरी ये अनजानी अनसमझी सी शिकायतें,
हर पल मुस्कुराती इन पलकों में छुपी वो अश्रुधारा,
पूछती रहती है कब तक का है ये इंतजार तुम्हारा,

कुसुमित सी मुस्कान का यूं पड़ जाना फीका
क्रोधावेश का चेहरे पर यूं ही लग जाना टीका
प्रेमपूरित सपनों पर प्रेमातीत की सताती ये भीति
अन्तर्मन को उद्वेलित कर जाती, कैसी है ये रीति

तुम्हारे होने से ही तो मैं प्राणों से सनाथ होती,
हाथो में बनी हर रेखा तुमसे ही तो है सजती
सुकून सा लगता है मेरे मस्तक पर हाथ तुम्हारा,
देख हृदयपूरित प्रेम, जी उठती हूं मैं जीवन सारा,

आशा के दीपक को पूर्ण भास्कर बनते हूं देख रही
मरु में सघन वन बनता प्रेम जीवन ही तो है यही
अपने अन्तर्मन को तुझमें संजोने के लिए ही ज़ी रही,
देख हृदयपूरित प्रेम, शुक्र है तुम आये तो सही

डॉ. आशीष वशिष्ठ(123347)
राजभाषा अधिकारी
क्षेत्रीय कार्यालय, गोवा


## जन्मदिन



आराध्या युग युग जिये
रहे सदा खुशहाल
जन्म दिवस मंगल मय होवे
बीते स्वर्णिम काल।।
यह विन्दु को सिन्धु बना दे
करके जल अभिषेक
धरे सदा अनुराग हृदय मे
सदा भाव हो नेक।।
आकांक्षा हो सदा ज्ञान की
जागे सुधा विवेक
बने अंकिता खेल भाव की
हो कर निपुण अनेक।।
चंदन सा महकाये मधुवन
भक्ति भाव अनिमेष
होकर ज्ञान वान बन जाये
अपने देश विशेष। ।
आराध्या के जन्म दिवस पर शुभ कामनाओं सहित।

श्री अभिषेक श्रीवास्तव , 646390
( प्रबंधक , कुंजिबेट्टु शाखा ) के पिता
श्री राजेंद्र श्रीवास्तव द्वारा अपने पोती
कु आराध्या श्रीवास्तव (श्री अभिषेक श्रीवास्तव की सुपुत्री)
के जन्मदिवस पर लिखी गई कविता

# चित्रकारी




**कु प्रथ्मय जी भट्ट**
**कक्षा – 4**

**सुपुत्र**

**श्रीमती श्रीदेवी एस पै (76562)**
**वरिष्ठ प्रबंधक**
**अंचल कार्यालय , मणिपाल**

**EMPLOYEES TO UPDATE THE VACCINATION DETAILS OF SELF AND DEPENDENT FAMILY MEMBERS IN HRMS PACKAGE**

**HO Circular 289/2021 dt 04.05.2021**

"Self Service >>Covid Vaccine Declaration ESS".

# सितंबर 2021 तिमाही के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी
# Staff retired during September Quarter – 2021

| Sl No | Staff Id | Name | Designation | Placement | Date Of Retirement |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32982 | Korgu Naik | C.M. | Davangere PJ Extension | 31-07-2021 |
| 2 | 37558 | Ponmala M | D.M. | Retail Asset Hub Panaji Goa | 31-07-2021 |
| 3 | 391049 | V U S Bhaskara Rao, | C.M. | Udupi-II Regional Office | 31-07-2021 |
| 4 | 40071 | Ganapathi V Kamath | Sr Manager | Udupi Regional Office | 31-07-2021 |
| 5 | 52036 | S Gowsetty | Sr Manager | Davangere KB Extn | 31-07-2021 |
| 6 | 427027 | Anitha, | Asst Manager | Moodubelle | 31-07-2021 |
| 7 | 40835 | Varadaraja | Spl Asst | Udupi Court Road | 31-07-2021 |
| 8 | 47529 | Udaya Anchan | SWINOPR A | Yermal Thenka | 31-07-2021 |
| 9 | 56223 | Nayana A Prabhu | SWINOPR A | Sirsi | 31-07-2021 |
| 10 | 64302 | Eknath F Gawas | SWINOPR A | Goa Aldona | 31-07-2021 |
| 11 | 66187 | Prakash N V | SWINOPR A | Davangere Mandipet Main | 31-07-2021 |
| 12 | 392550 | Raghurama Bhat, | Clerk | Barkur | 31-07-2021 |
| 13 | 408132 | K Raghavandra Kamath, | Clerk | Shirva | 31-07-2021 |
| 14 | 411190 | Smitha P Shenoy, | Clerk | Udupi Car Street | 31-07-2021 |
| 15 | 481292 | Indira M Nayak, | Clerk | Bailur | 31-07-2021 |
| 16 | 508267 | Rosita J Bangera, | Clerk | Manipal | 31-07-2021 |
| 17 | 65532 | H Ganesh Achar | Peon | Padubidri | 31-07-2021 |
| 18 | 66150 | Vasudev Tatu Gawade, | Daftary | Goa Ponda | 31-07-2021 |
| 19 | 471516 | Madevi Nagappa Naik, | Attender | Binaga | 31-07-2021 |
| 20 | 524386 | Hanumantha Reddy P T, | Attender | Chitradurga | 31-07-2021 |
| 21 | 555751 | Sundara, | Attender | Chitpady | 31-07-2021 |
| 22 | 33733 | Khot Suresh Hindu Rao | Sr Manager | Goa Regional Office | 31-08-2021 |
| 23 | 40480 | Maria Do Carmo Patricia Da Costa, | SWINOPR A | Curtorim Goa | 31-08-2021 |
| 24 | 41832 | Anuradha Umesh Kamath | Spl Asst | Katapadi | 31-08-2021 |
| 25 | 42814 | Rajashree K | SWINOPR A | Udupi Town Branch | 31-08-2021 |
| 26 | 49266 | Shriram Rajaram Deshprabhu | SWINOPR A | Goa Corgao | 31-08-2021 |
| 27 | 62587 | Prahalladachar B S | SWINOPR A | Shivamogga Shivamurthy Circle | 31-08-2021 |
| 28 | 65523 | H Suryanarayan | Daftary | Chickpetnagar | 31-08-2021 |
| 29 | 65535 | A J Fernandes | Daftary | Goa Cansaulim | 31-08-2021 |
| 30 | 66151 | S Vinoda Nayak | SWINOPR A | Kundapur | 31-08-2021 |
| 31 | 325257 | Manjunath Bommayya Gunaga, | Attender | Karwar L D O | 31-08-2021 |
| 32 | 411204 | Lalitha Rajan, | Sr Manager | National Proc Centre Back Off | 31-08-2021 |
| 33 | 66205 | Vijayakumar | Daftary | Davangere Cur Chest | 30-09-2021 |
| 34 | 402235 | Budhanath Tukaram Shirodkar, | Attender | Goa Merces | 30-09-2021 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 35 | 43067 | R Krishnakumar | Sr Manager | Goa Panaji Accounts Section | 30-09-2021 |
| 36 | 509860 | Supriya S Mhamal, | Clerk | Goa Benau Lim | 30-09-2021 |
| 37 | 44678 | M Girija | Manager | Bhadravathi | 30-09-2021 |
| 38 | 44727 | Jayaprakasha | SWINOPR A | Udupi Cur Chest | 30-09-2021 |
| 39 | 578196 | I Vasanthi Bai, | Clerk | Hebri UM | 30-09-2021 |
| 40 | 363211 | Madhava Shettigar, | Lift Operator | Manipal C.O. | 30-09-2021 |

**हम उन्हें एक स्वस्थ, शांतिपूर्ण और संतुष्ट सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हैं**




**WE WISH THEM ALL A HEALTHY, PEACEFUL AND A CONTENDED RETIRED LIFE.**

## अनुपालनार्थ

**शाखाओं में त्रिभाषी फॉर्मों की उपलब्धता**

प्रधान कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार, “ ग ” क्षेत्र के तहत आने वाली सभी शाखाओं में ग्राहक संबंधित सभी फॉर्म त्रिभाषी में ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाना है।

प्रधान कार्यालय द्वारा एसएएस पैकेज में इन फॉर्मों का त्रिभाषी रूप में सक्षम किया गया है। सभी शाखाएं **SAS Package – General – Printing & Stationary Inventory Management System (PSIMS)** के माध्यम से एनएफ 132 ए , एनएफ 220 , एनएफ 708 और एनएफ 959 जैसे फॉर्मों की त्रिभाषी फॉर्म की मांग करें।

**सभी शाखा प्रभारियों से अनुरोध है कि उपर्युक्त ग्राहक संबंधित सभी फॉर्म की उपलब्धता केवल त्रिभाषी में सुनिश्चित करें ।**

## FOR COMPLIANCE

**Availability of trilingual forms in Branches**

As per the guidelines received from the Head Office, the Customer related forms are to be made available to the customers in trilingual in all the branches coming under “C” region.

Head Office has enabled trilingual forms in SAS Package. Branches to indent the forms such as NF 132A, NF 220, NF 708 & NF 959 in trilingual through **SAS Package – General – Printing & Stationary Inventory Management System (PSIMS).**

**Hence all the Branch-In-Charges are requested to ensure the availability of the above customer related forms in trilingual only.**


केनरा बैंक Canara Bank
A Government of India Undertaking
Syndicate
Together We Can
स्वर्णिम प्रतिलाभ पाएँ
केनरा यूनीक
1111 दिन की जमा योजना
उच्चतर प्रतिलाभ के लिए दीर्घकालिक निवेश
Additional ROI @ 0.10 %
Get Golden Returns
Canara UNIQUE
1111 Days Deposit Scheme
Long Term Investment for Higher Returns
Contact nearest branch for details
Deposits can be opened through Mobile / Internet Banking
@canarabank
CanaraBankOfficial
canarabank
canarabankinsta
canarabankofficial
canarabank
Call Canara: 1800 425 0018

# *LET'S GO DIGITAL*







आपसे अनुरोध है कि आपके मूल्वान सुझाव प्रेषित करें ताकि इसमे मूल्यवर्धन कर सकें । पत्रिका के प्रकाशन हेतु अपने लेख ( बैंकिंग / गैर बैंकिंग ) , कविता , कहानी , यात्रावृतांत , कार्टून आदि प्रेषित करके पत्रिका को संवारने के लिए अपने योगदान देंगे । लेख हिंदी या अंग्रेज़ी में होनी चाहिए।

We request you to kindly send your valuable feedbacks so that we may add value to it. All our employees kindly contribute to the magazine by sending their articles (banking / non-banking) / story / poetry / travelogue , cartoon etc. Articles should be in English or Hindi.

**राजभाषा संबंधित किसी भी सहायता हेतु व पत्रिका संबंधित हेतु कृपया संपर्क करें**
**For any assistance regarding Official Language and magazine related contact**

**राजभाषा कक्ष, अंचल कार्यालय , मणिपाल**
**Official Language Cell, Circle Office , Manipal**
☎ 08805297426 ✉ olcompl@canarabank.com

केवल आंतरिक परिचाल हेतु For Internal use only